**संसदीय राजभाषा समिति**
**11, तीन मूर्ति मार्ग, नई दिल्ली-110011**

*****

पत्रांक: सी/01/2020-स०2

दिनांक: 31 अगस्त, 2020

सेवा में,
**सचिव**
संलग्न सूची अनुसार

विषय: हिंदी दिवस, 2020

**महोदय/महोदया,**

प्रो० रीता बहुगुणा जोशी, संयोजक, संसदीय राजभाषा समिति द्वारा हिंदी दिवस, 2020 पर लिखित अ०शा० पत्रांक सी/01/2020-स०2, दिनांक 31-08-2020 की प्रति इस पत्र के माध्यम से प्राप्त करने की कृपा करें।

2. अनुरोध है कि मंत्रालय/विभाग तथा मंत्रालय/विभाग के नियंत्रणाधीन सभी कार्यालयों में सितम्बर, 2020 में हिंदी दिवस/सप्ताह/पखवाड़ा/माह का आयोजन के लिए समुचित निर्देश जारी करें तथा इन आयोजनों की रिपोर्ट संसदीय राजभाषा समिति सचिवालय को ई-मेल के माध्यम से rajbhashasubcommittee2@gmail.com पर भिजवाने के लिए भी संबंधित कार्यालयों को निर्देशित करने की भी कृपा करें।

भवदीय,

31/08/2020
**(आर०एल०मीना)**
अवर सचिव

**संलगनक: यथोपरि**

सत्यमेव जयते
प्रो. रीता बहुगुणा जोशी
PROF. RITA BAHUGUNA JOSHI
संसद सदस्य (लोक सभा)
Member of Parliament (Lok Sabha)
संयोजक, संसदीय राजभाषा समिति
Conve nor, Committee of Parliament on Official Language

दिनांक: 31 अगस्त, 2020

आ०शा० पत्रांक: सी/01/2020-स०2

**श्री सचिव जी,**

हमें गर्व है कि हिंदी विश्व की तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। संवैधानिक दृष्टि से भारत की राजभाषा हिंदी है। 14 सितम्बर, 1949 के दिन हिंदी को राजभाषा का दर्जा मिला था। इसी महत्वपूर्ण निर्णय को प्रतिपादित करने तथा हिन्दी को हर क्षेत्र में प्रसारित करने के लिये राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा के अनुरोध पर वर्ष 1953 से पूरे भारत में 14 सितम्बर को प्रतिवर्ष हिन्दी-दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दौरान कार्यालयों में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। हिंदी दिवस के दिन हिंदी के प्रति लोगों को उत्साहित करने हेतु पुरस्कार समारोह भी आयोजित किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को एहसास दिलाना है कि जब तक वे हिंदी का उपयोग पूरी तरह से नहीं करेंगे तब तक, हिंदी भाषा का विकास नहीं हो सकता है। हिंदी भाषा हम भारतीयों की पहचान भी है।

हिंदी का अनुपालन सही ढंग से तभी हो सकता है जब हम सभी राजभाषा की अपेक्षाओं व लक्ष्यों की पूर्ति के लिए संकल्पित रहें। राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए हमें प्रेरणा, प्रोत्साहन एवं सद्भावना का एक सकरात्मक माहौल बनाने की जरूरत है। इसके लिए सरकारी निर्देशानुसार सितम्बर, 2020 में हिंदी दिवस/सप्ताह/पखवाड़ा/माह का मंत्रालय तथा मंत्रालय के नियंत्रणाधीन सभी कार्यालयों में व्यापक रूप से आयोजन करें ताकि हिंदी भाषी साथ-साथ हिंदीतर अधिकारियों और कर्मचारियों को हिंदी भाषा के प्रयोग के लिए प्रोत्साहन मिल सके। कार्यालय में राजभाषा से संबंधित संवैधानिक प्रावधानों, अधिनियम, संकल्प, नियम व समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों से अवगत करवाएं। सरकारी काम-काज में सरल, सहज और आम जन के शब्दों के प्रचलन का बढ़ावा दिया जाए।

उक्त के आलोक में आपसे आशा है कि आप मंत्रालय/विभाग तथा मंत्रालय/विभाग के नियंत्रणाधीन सभी कार्यालयों में सितम्बर, 2020 में हिंदी दिवस/सप्ताह/पखवाड़ा/माह का आयोजन के लिए समुचित निर्देश जारी करेंगे तथा इन आयोजनों की रिपोर्ट संसदीय राजभाषा समिति सचिवालय को ई-मेल के माध्यम से rajbhashasubcommittee2@gmail.com पर भिजवाने के लिए भी संबंधित कार्यालयों को निर्देशित करेंगे।

मुझे विश्वास है कि हम सब के मिले-जुले प्रयासों से ही भारत सरकार के कार्यालयों में हिंदी को बढ़ावा मिल सकता है।

जय हिंद।

(प्रो० रीता बहुगुणा जोशी)

**सचिव**
**(संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उपसमिति से संबद्ध मंत्रालय/विभाग)**

कार्यालय : संसदीय राजभाषा समिति, 11, तीन मूर्ति मार्ग, नई दिल्ली-110011
Office : Committee of Parliament on Official Language, 11, Teen Murti Marg, New Delhi-110011
दूरभाष/Phone: 011-21411167, 011-23035767, फैक्स/Fax: 011-21410280, ई-मेल/E-mail: rajbhashasubcommittee2@gmail.com

पत्रांक: सी/01/2020-स०2, दिनांक: 31 अगस्त, 2020 के संबंध में सूची

1. अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड, भारत सरकार
2. सचिव, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार
3. सचिव, डाक विभाग, संचार मंत्रालय, भारत सरकार
4. सचिव, दूरसंचार विभाग, संचार मंत्रालय, भारत सरकार
5. सचिव, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार
6. सचिव, नागर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार
7. सचिव, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार
8. सचिव, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार
9. सचिव, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान विभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार
10. सचिव, पेय जल और स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार
11. सचिव, जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार
12. सचिव, विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार, भारत सरकार
13. सचिव, नवीन और नवीकरणीय उर्जा मंत्रालय, भारत सरकार
14. सचिव, कृषि, सहयोग एवं किसान कल्याण विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय , भारत सरकार
15. सचिव, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार
16. सचिव, मत्स्य पालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार
17. सचिव, पशुपालन और डेयरी विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार
18. सचिव, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार
19. सचिव, अंतरिक्ष विभाग, भारत सरकार
20. सचिव, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार
21. सचिव, उपभोक्ता मामले विभाग, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार
22. सचिव, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार
23. सचिव, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार